# यूपी के लिए गेमचेंजर साबित होंगे नए एक्सप्रेसवे : मुख्य सचिव

## कहा- सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र व बेहतर कानून व्यवस्था से बढ़ा निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सालाना सत्र में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में आठ वर्षों में यूपी रेवेन्यू सरप्लस राज्य के रूप में उभरा है। प्रदेश में सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बना है।

**सीआईआई का सालाना सत्र**

कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है। इससे वैश्विक स्तर पर यूपी की छवि निवेश गंतव्य के रूप में बनी है। इस वर्ष के बजट में नए एक्सप्रेसवे की घोषणा और बायोप्लास्टिक नीति को एक गेम चेंजर बताते हुए उन्होंने प्रदेश के भविष्य को बेहद संभावनाशील बताया।

गोमती नगर स्थित एक होटल में आयोजित विशेष सत्र में उन्होंने कहा कि यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। इसमें उद्योगों का अहम योगदान है। महाकुंभ के सफल आयोजन ने साबित किया कि प्रदेश बड़े पैमाने पर वैश्विक आयोजनों को करने में सक्षम है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। उनमें 60 प्रतिशत लोगों की उम्र 40 वर्ष से कम थी।

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर विकास कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। राज्य सरकार मथुरा, कानपुर और मेरठ की भव्यता फिर स्थापित करने के लिए विकास कार्यों को गति दे रही है। सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष और जेके सीमेंट के सीईओ माधव सिंघानिया ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन में प्रदेश सरकार की क्षमता बेजोड़ रही।

यूपी तेजी से वैश्विक औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। सीआईआई यूपी की अध्यक्ष व निदेशक पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड स्मिता अग्रवाल ने कहा कि अब यूपी भारत के सबसे गतिशील आर्थिक केंद्रों में से एक है। सीआईआई यूपी की उपाध्यक्ष डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा संरचना में तेजी से प्रगति हो रही है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मजबूत होने के साथ निवेश के व्यापक अवसर तैयार हो रहे हैं।




सीआईआई के सालाना सत्र को संबोधित करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।



**डॉ. उपासना बनीं यूपी स्टेट काउंसिल की अध्यक्ष** सीआईआई के वार्षिक सत्र में यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने सीआईआई उत्तर प्रदेश स्टेट काउंसिल की अध्यक्ष के रूप में और अवध रेल इंफ्रा लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिषेक सर्राफ ने उपाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।

### सशक्त हो महिला प्रधानों की भूमिका

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रधानों के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला प्रधानों को सशक्त बनाने के लिए तमाम योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने महिला प्रधानों की उपलब्धियों की सराहना की। सी-3 की कार्यकारी निदेशक डॉ. अपराजिता गोगोई ने कार्यक्रम की जानकारी दी। महिला प्रधानों ने अपने अनुभव, चुनौतियां और उपलब्धियां साझा कीं। ब्यूरो